ALL UNIONS AND ASSOCIATIONS OF BSNL (AUAB)

No: UA/2018/52 **11.12.2018**

परिपत्र (Circular)

प्रति
सभी जनरल सेक्रेटरीज
AUAB.

कॉमरेड,

दिनांक 11.12.2018 को 11.00 hrs पर NFTE के कार्यालय में AUAB की मीटिंग हुई। कॉम चंदेश्वर सिंह, चेयरमैन, AUAB ने अध्यक्षता की। कॉम पी.अभिमन्यु, कन्वेनर ने सभी का स्वागत किया और मीटिंग का एजेंडा प्रस्तुत किया। मीटिंग में निम्नानुसार उपस्थिति रही।

BSNLEU:	Com. P. Abhimanyu, GS and Com. Swapan Chakraborty, Dy.GS.
NFTE:	Com. Chandeswar Singh,GS and Com. K.S. Sheshadri, Dy.GS.
SNEA:	Com. Sebastin, GS and Com. A.A. Khan, President.
AIBSNLEA:	Com. Sivakumar, President.
AIGETOA:	Com. Ravi Shil Verma, GS and Com. Pathak, AGS.
BSNL MS:	Com. Suresh Kumar, GS.
BSNL ATM:	Com. Revti Prasad, AGS.
BSNL OA:	Com. H.P. Singh, Dy.GS.

मीटिंग में माननीय संचार राज्य मंत्री और AUAB के बीच हुए सेटलमेंट के त्वरित क्रियान्वयन हेतु फॉलो अप एक्शन पर चर्चा हुई। मीटिंग में अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित किए जाने के बाद की स्थिति का भी जायज़ा लिया गया। विस्तृत चर्चा पश्चात सर्वानुमति से निम्न निर्णय लिए गए।

(1) AUAB के प्रतिनिधियों द्वारा, BSNL को 4G स्पेक्ट्रम का आवंटन, BSNL द्वारा पेंशन कॉन्ट्रिब्यूशन के भुगतान हेतु गवर्नमेंट नियम का क्रियान्वयन व BSNL रिटायरीज के पेंशन रिवीजन के मुद्दे पर हुई प्रगति की जानकारी लेने हेतु एडिशनल सेक्रेटरी (Telecom), मेंबर (Services), मेंबर (Technology) व जॉइंट सेक्रेटरी (Admn.) से तत्काल चर्चा की जाए।

(2) AUAB द्वारा सेक्रेटरी, टेलीकॉम को पत्र लिख कर मांग की गई है कि माननीय संचार राज्य मंत्री के निर्देश अनुसार DoT द्वारा संस्थागत तंत्र स्थापित किया जाए, जिसके प्रमुख एडिशनल सेक्रेटरी (टेलीकॉम) हो। मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे पर DoT से चर्चा की जाए जिससे कि इस मांग का क्रियान्वयन किया जा सके।

(3) मीटिंग में, सर्किल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर AUAB को AUAB में शामिल सभी घटकों की संयुक्त साधारण सभा आयोजित कर 03.12.2018 को माननीय संचार राज्य मंत्री के साथ हुए सेटलमेंट बाबद विस्तार से कर्मचारियों को बताने हेतु अनुरोध करने का निर्णय भी लिया गया। मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी एसएसए स्तर पर ये संयुक्त साधारण सभा 26 से 29 दिसंबर 2018 की अवधि में आयोजित की जाए।

(4) मीटिंग में माननीय संचार राज्य मंत्री के साथ हुए सेटलमेंट के पूर्ण विवरण और वे परिस्थितियां जिसके चलते 03.12.2018 से होनेवाली हड़ताल स्थगित की गई, पर प्रकाश डालते हुए AUAB द्वारा स्टेटमेंट जारी करने का निर्णय भी लिया गया। इस स्टेटमेंट में उल्लेखित कंटेंट्स (सार) संयुक्त साधारण सभाओं में समझाएं जाए।

(5) मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि CMD BSNL को पत्र लिख कर 02.12.2018 को डायरेक्ट रिक्रूट कर्मियों को 30% सुपरएन्युएशन बेनिफिट्स के मुद्दे पर BSNL मैनेजमेंट द्वारा दिए गए आश्वासनों से संबंधित चर्चा का ब्यौरा लिखित में जारी करने की मांग की जाए।

AUAB में शामिल सभी घटकों के जनरल सेक्रेटरीज से अनुरोध हैं कि वें AUAB द्वारा लिए गए उपरोक्त निर्णयों के अनुपालन हेतु अपने सर्किल और डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज को यथोचित निर्देश दें।

धन्यवाद।

भवदीय,

कॉम चंदेश्वर सिंह
चेयरमैन, AUAB

कॉम पी. अभिमन्यु,
कन्वेनर, AUAB